

# 4 हेलीकॉप्टर ने भरी उड़ान

## इसी के साथ प्रदेश में हेलीकॉप्टर पर्यटन सेवा हुई शुरू

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 1 नवंबर. राजधानी के राजाभोज एयरपोर्ट पर शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के फ्लैगऑफ़ के साथ 4 हेलीकॉप्टरों ने उज्जैन के लिए उड़ान भरी. इसी के साथ प्रदेश में पीएमश्री हेलीकॉप्टर पर्यटन सेवा की शुरुआत हो गई.**

सबसे पहले मुख्यमंत्री ने पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती कृष्णा गौर तथा संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी को बोर्डिंग पास दिया. इस दौरान मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर राज्य के पर्यटन एवं विमानन क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण और नवाचारी सेवाओं सहित राजा भोज एयरपोर्ट में उन्नयन कार्यों का शुभारंभ किया. इन सेवाओं में 'डिजी यात्रा', 'फ्लाईब्रेरी', 'किड्स प्ले ज़ोन' तथा 'केट-1 से केट- 2 आईएलएस प्रणाली' जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं शामिल हैं.

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि हवाई यात्रा केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि एक आनंददायक यात्रा का अनुभव भी बने. मध्यप्रदेश अपने नागरिकों और पर्यटकों को आधुनिक सुविधाओं के साथ संस्कृति की आत्मीयता भी प्रदान करेगा. उन्होंने कहा कि हम प्रदेश की दूरियों को नहीं, बल्कि दिलों और अनुभवों को भी जोड़ने जा रहे हैं. हेलीकॉप्टर सेवा पर्यटन के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी. यह सुविधा न केवल पर्यटकों और यात्रियों का समय बचायेगी बल्कि उन्हें एक ही यात्रा में आस्था, आध्यात्म, पर्यटन और अनुभव का अद्भुत संगम भी प्रदान करेगी.

### सीएम ने 6 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स को दिखाई हरी झंडी

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित है. मध्यप्रदेश में जनजातीय समाज के सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य उत्थान की दिशा में उत्कृष्ट प्रयास जारी हैं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर केन्द्र सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में प्रदेश में चल रही स्वास्थ्य सेवाओं के विकास एवं विस्तार की सभी गतिविधियों को नई दिशा मिल रही है. इस अभियान में स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदेश के दूरस्थ जनजातीय ग्रामों से जोड़ने के उद्देश्य से चलित चिकित्सालय इकाई - मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) का संचालन किया जा रहा है. यह प्रदेश के सभी जनजातीय अंचलों के समग्र एवं संतुलित विकास सहित स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की एक नई पहल है.

### आरएसएस के शताब्दी वर्ष में हुए 62,555 कार्यक्रम

**जबलपुर.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक आयोजित की गई. यहां बताया गया कि संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में कुल 62,555 कार्यक्रम संपन्न हुए, जिसमें 32.45 लाख स्वयंसेवक गणवेश में उपस्थित रहे और 25,000 स्थानों पर पथ संचलन हुआ, जिसमें 25.45 लाख स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। ग्रामीण क्षेत्रों के 59,343 मंडलों और नगरीय क्षेत्रों के 44,686 बस्तियों में व्यापक प्रतिनिधित्व रहा। इस अवसर पर तीन प्रमुख वकतव्य जारी किए गएः सिक्ख गुरु तेगबहादुर जी की 350वीं शहादत, जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, और वंदेमातरम् के 150 वर्ष।


# मध्यप्रदेश दिवस पर पटवारी का तीखा हमला

विशेष संवाददाता

**भोपाल,01 नवम्बर. मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है.**

उन्होंने कहा कि यह दिन प्रदेश के गौरव, संस्कृति और विकास की स्मृति का प्रतीक है, लेकिन वर्तमान मोहन सरकार ने इसे भ्रष्टाचार और फिजूलखर्ची से कलंकित कर दिया है.

पटवारी ने आरोप लगाया कि लाड़ली बहना योजना महिला सशक्तिकरण का नहीं, बल्कि बड़े आर्थिक घोटाले का माध्यम बन गई है. उनके अनुसार, मुख्यमंत्री हर महीने हजारों



करोड़ रुपये का कर्ज लेकर जनता पर बोझ बढ़ा रहे हैं. इस योजना के नाम पर 90,000 करोड़ रुपये का लोन लिया गया, लेकिन महिलाओं तक केवल 41,000 करोड़ रुपये ही पहुंचे. कांग्रेस ने सवाल उठाया बाकी

### राज्य सरकार पर पीसीसी चीफ ने साधा निशाना

### प्रदेश में योजनाएं बनी घोटालों का माध्यम


49,000 करोड़ रुपये का हिसाब कहां है?

पार्टी ने दावा किया कि सरकार देश-विदेश से कर्ज लेकर जनता को गुमराह कर रही है और यह धन भ्रष्टाचार, फिजूलखर्ची तथा राजनीतिक प्रचार में लुटाया जा रहा है. कांग्रेस ने कहा, मोहन सरकार लाड़ली बहनों के नाम पर लोन लेती है, लेकिन चोरी करती है. इसके साथ ही कांग्रेस ने प्रधानमंत्री की गारंटी को भी छलावा बताते हुए कहा कि किसानों को फसल बीमा और न्यूनतम समर्थन मूल्य में धोखा मिला है, लाड़ली बहनों के साथ विश्वासघात हुआ है और मध्यम वर्ग महंगाई की मार झेल रहा है.

> पार्टी ने कहा कि युवाओं और कर्मचारियों को रोजगार और वेतनवृद्धि के नाम पर सिर्फ झूठे वादे मिले हैं. अंत में कांग्रेस ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि मध्य प्रदेश दिवस के अवसर पर संकल्प लें—भ्रष्टाचार और छल से मुक्त, सच्चे विकास वाला नया मध्य प्रदेश बनाएं.
>
> **जय हिंद!**
> **जय मध्य प्रदेश!**

# गृह मंत्री से नरेंद्र सिंह तोमर ने की मुलाकात

## प्रदेश की राजनीति में मची खलबली



**ग्वालियर,01 नवम्बर . विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने शानिवार सुबह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की .**

दिल्ली में दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत एकांत जगह पर हुई. जिसके बाद से राजनीतिक हलकों में तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो रही है. मिली जानकारी के अनुसार में कहीं इसे पार्टी के अंदरूनी समीकरणों से जोड़ा जा रहा है, तो कहीं भाजपा के आने वाले निर्णयों की तैयारी माना जा रहा है.

वहीं दिल्ली से लौटने के बाद नरेंद्र सिंह तोमर सीधे ग्वालियर पहुंचे, जहां उन्होंने मध्य प्रदेश स्थापना दिवस समारोह के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर में हिस्सा लिया. कार्यक्रम के खत्म होने के बाद मीडिया ने जब उनसे शाह के साथ हुई उस मुलाकात पर सवाल किया, तो तोमर ने मुस्कराते हुए कहा कि अरे छोड़ो यार बस इतना कहकर वे अपनी कार की ओर बढ़ गए.

> उनके इस जवाब ने जहां राजनीतिक अटकलों को और ज्यादा हवा दे दी. तोमर और शाह की बातचीत को लेकर पार्टी के अंदर भी कई तरह की चर्चाएं चल रही है. राजनीति जानकारों का कहना कि कुछ लोग इसे सिंधिया-तोमर के बीच चल आ रही सियासी मतभेद से जोड़ रहे हैं, तो कुछ इसे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद और प्रदेश में निगम-मंडलों में होने वाली नियुक्तियों को लेकर देख रहे हैं. हालांकि, आधिकारिक रूप से किसी ने इस मुलाकात पर कुछ नहीं कहा है.



# नवजात शिशु का भारती मातृ छाया सदन करेगा देखभाल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 नवम्बर। अज्ञात नवजात शिशु उम्र 1 माह 10 दिन को जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न के एसएनसीयू/एनआरसी से सेवा भारती मातृ छाया सदन उतैली सतना भेजकर संरक्षित करवाया गया।**

बाल कल्याण समिति द्वारा यह कदम उठाया गया है। इस मामले में प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग व बाल संरक्षण इकाई ने बाल कल्याण समिति के साथ त्वरित तत्परता दिखाते हुए शिशु को देखरेख संरक्षण लालन पालन पोषण के लिए संरक्षित और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाया गया। जिला चिकित्सालय में अज्ञात अवस्था में मिले नवजात शिशु को प्रारंभिक चिकित्सकीय जांच के उपरांत आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर सेवा भारती मातृ छाया सदन, सेवा भारती उतैली सतना भेजवाया गया। इस दौरान बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. आरडी पाण्डेय, सदस्य गण देवधर शर्मा, पूनम मिश्रा, पूनम त्रिपाठी सहित अन्य की भूमिका रही।

# 43 वर्ष के लंबे सेवाकाल के बाद उपनिरीक्षक सेवानिवृत्त

## उपनिरीक्षक सुरेन्द्र यादव को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 1 नवम्बर। स्थानीय थाना में पदस्थ उपनिरीक्षक सुरेन्द्र यादव बीते दिन शुक्रवार 31 अक्टूबर को पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने अपने 43 वर्ष के लंबे सेवाकाल को पूर्ण कर अब अपने पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन के नए अध्याय की शुरुआत की है।**

उप निरीक्षक के सम्मान में आज दिन शनिवार को थाना परिसर में विदाई समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। उन्हें साल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह पुलिस सेवको ने प्रदान किया। इस अवसर पर एसडीओपी राहुल कुमार सैयाम,



निरीक्षक सुदेश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, भाजपा नेता लालपती साकेत, प्रवेंद्र धर द्विवेदी सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधिकारियों ने उपनिरीक्षक सुरेन्द्र यादव को सम्मानपूर्वक उनके निवास तक वाहन से पहुंचाकर विदाई दी।

# आर्मी मैन को आया हार्ट अटैक

## ट्रैफिक आरक्षकों ने सीपीआर देकर लौटाई सांसें

**ग्वालियर। ट्रैफिक पुलिस ने एक जिंदगी को मौत के मुंह से खींच निकाला. झांसी रोड थाना क्षेत्र के चंद्रबदनी नाका पर एक व्यक्ति अचानक सड़क पार करते समय गिर पड़ा.**

राहगीरों को कुछ समझ आता, उससे पहले यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने बिना वक्त गंवाए हालात को संभाल लिया. बाद में पता चला कि वो शख्स दिल्ली का एक्स आर्मी मैन ब्रजराज सिंह हैं, जिन्हें हार्ट अटैक आया था. मौके पर मौजूद ट्रैफिक आरक्षक ने देखा कि व्यक्ति की सांसें उखड़ चुकी हैं और नब्ज़ बहुत कमजोर हो गई है. हालत गंभीर थी इसलिए आरक्षक ने तुरंत



सीपीआर देना शुरू किया. कुछ ही पलों में उसकी सांसें लौटने लगीं. इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसके चेहरे पर पानी छिड़ककर होश में लाने की कोशिश की और फिर बिना देरी किए उसे पास के रामदास हॉस्पिटल पहुंचाया.

# एसआईआर के कार्यक्रम की होगी निगरानी



विशेष संवाददाता

**भोपाल,01 नवम्बर. अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मध्य प्रदेश में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कार्यक्रम की प्रभावी मॉनिटरिंग, समन्वय और समीक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है.**

एआईसीसी के मध्य प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इस समिति में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को शामिल किया गया है ताकि संगठन के विशेष पुनरीक्षण अभियान को अधिक संगठित, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सके.

सज्जन सिंह वर्मा (अध्यक्ष), डॉ. संजय कामले (सदस्य), राजीव सिंह (सदस्य), शैलेन्द्र पटेल (सदस्य), जे.पी. धनोपिया (सदस्य), गोरखी बैरागी (सदस्य), रितेश जैन (सदस्य) और ललित सेन (सदस्य). हरीश चौधरी ने समिति के अध्यक्ष और सभी सदस्यों को निर्देशित किया है कि वे राज्य स्तर पर चल रहे एसआईआर कार्यक्रम की निरंतर निगरानी, समन्वय और मूल्यांकन का कार्य निष्ठा और


> आदेश में यह भी कहा गया है कि संगठनात्मक गतिविधियों में गुणवत्ता और गति सुनिश्चित करने के लिए इस विशेष पुनरीक्षण अभियान को गंभीरता से लागू किया जाए. समिति का गठन कांग्रेस संगठन की आंतरिक संरचनाओं को मजबूत करने और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.

# आलोक ने हायाघाट सीट पर संभाली प्रचार की कमान

**दरभंगा, 01 नवम्बर. बिहार में जैसे जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है, चुनाव प्रचार जोर पकड़ता जा रहा है. भोपाल सांसद आलोक शर्मा को दरभंगा जिले की हायाघाट सीट पर प्रचार की कमान सौंपी गई है.**

सांसद शर्मा ने शनिवार को हायाघाट पहुंचते ही मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं की बैठकें लेना शुरू कर दिया. विधानसभा क्रमांक 84, हायाघाट सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने डॉ रामचंद्र प्रसाद को पुनः प्रत्याशी बनाया है.

सांसद आलोक शर्मा ने हायाघाट में सिधोली स्थित एनडीए के प्रधान कार्यालय परिसर में प्रमुख कार्यकर्ताओं की



बैठक को संबोधित किया. उसके बाद वे हायाघाट दक्षिणी मंडल के ग्राम मझौलिया, बहेरी उत्तरी मंडल के पघारी पहुंचे जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं, ग्रामीणजनों को संबोधित किया और बिहार के समग्र विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी डॉ रामचंद्र प्रसाद को भारी मतों से जिताने की अपील की. सांसद आलोक शर्मा ने दरभंगा में हायाघाट सीट पर चुनाव प्रचार के दौरान कार्यकर्ताओं को चुनावी प्रबंधन के टिप्स दिए. सांसद शर्मा ने कहा कि चुनाव में बूथ पर काम करने वाली टीम का अहम रोल होता है. प्रत्येक कार्यकर्ता को पार्टी के प्रति निष्ठा भाव रखते हुए काम करना होगा.

> सांसद आलोक शर्मा के साथ चुनाव प्रचार के दौरान हायाघाट से भाजपा प्रत्याशी डॉ रामचंद्र प्रसाद, पूर्व विधायक अमरनाथ गामी, जोधपुर (राजस्थान) के भाजपा विधायक अतुल भंसाली, हायाघाट उत्तरी प्रखंड के अध्यक्ष जय गोपाल चौधरी, हायाघाट प्रखंड अध्यक्ष गोविंद कुमार मंडल, लोक जनशक्ति पार्टी हायाघाट प्रखंड के अध्यक्ष अनिल पासवान, बहेरी प्रखंड के अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, विधानसभा प्रभारी पप्पू सिंह, विधानसभा संयोजक हेमचंद सिंह एवं विस्तारक उर्मिल सिंह सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे.

# रोजगार प्रकरणों के लक्ष्य को 15 नवम्बर तक दिया डेड लाइन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 नवम्बर। संभाग स्तर पर आयोजित होने वाले रोजगार मेले के संबंध में आज दिन शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में रीवा कमिश्नर बीएस जामोद के अध्यक्षता में अधिकारी एवं बैंकर्स के साथ रोजगार मेले के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर गौरव बैनल उपस्थित रहे।**

बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने विभाजन अंतर्गत योजनाओं एवं योजनाओं से संबंधित लक्षो की जानकारी दी। जानकारी प्राप्त करने के पश्चात रीवा कमिश्नर ने निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने विभाग से संबंधित योजना अंतर्गत रोजगार से संबंधित



प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय सीमा में करें तथा 15 नवंबर की स्थिति में शत-प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण पूर्ण हो करें। कमिश्नर ने निर्देशित किया कि सभी विभाग अपनी योजनाओं से संबंधित शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप बैंकों में प्रकरण प्रस्तुत करें। प्रकरणों में यदि किसी भी प्रकार की समस्या आती है, उनका निराकरण कर सकारात्मक सोच के साथ हितग्राहियों को लाभान्वित करायें। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी बैंकर्स के साथ समन्वय बनाकर कार्य करेंगे, तो शत-प्रतिशत लक्ष्यो को प्राप्त किया जा सकता है। बैठक में उपस्थित बैंकर्स को निर्देशित कर कमिश्नर ने कहा कि बैंक कोऑर्डिनेटर अपने अधीनस्थ सभी बैंकों की बैंकवार समीक्षा करें। बैठक के दौरान जिपं अतिरक्त सीईओ अरविंद डामोर, एलडीएम रंजीत सिंह, डीपीएम मंगलेश्वर सिंह, सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग मिथिलेश इवने, सहायक आयुक्त ज्योति सिंह, एनयूएलएम नोडल अधिकारी अक्षत उपाध्याय सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं बैंकर्स मौजूद रहे।

### पेज एक का शेष

## मप्र 2047 विजन...

प्रदेश में हुए विशेष प्रयासों से 30 लाख करोड़ रूपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव हुए. इसमें से 8 लाख 44 हजार करोड़ रूपए के निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति मिली. इनसे 6 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे. विगत 2 वर्षों में 8 लाख 25 हजार लोगों को रोजगार मिला और 23 हजार 853 करोड़ रूपए से अधिक का निवेश मिला है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में 60 हजार सरकारी पदों पर भर्तियां की जा चुकी हैं. अगले 3 वर्षों में 2 लाख शासकीय नौकरियां उपलब्ध कराई जाएंगी. उड्डयन मंत्री और सीएस ने किया संबोधित : केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव जन सेवा के प्रतीक हैं.

### सामूहिक विवाह

### उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नवयुगलों को दी शुभकामनांए, 105 युगल विवाह बंधन में बंधे

# गरीबों के मन से बेटी की शादी की चिंता मिटा दी

**भोपाल 1 नवम्बर. मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शासकीय मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय में 105 युगल विवाह बंधन में बंधे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सामूहिक विवाह समारोह में नवयुगलों को पुष्पवर्षा करके शुभकामनाएं दी।**

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देव प्रबोधनी एकादशी के शुभ अवसर पर 105 युगलों का विवाह संपन्न हुआ है। आप सबको देव प्रबोधनी एकादशी और सुखी वैवाहिक जीवन की



बधाई है। आज के शुभ दिन एक ही पण्डाल में विवाह और निकाह संपन्न होकर सामाजिक एकता और समरसता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना ने गरीबों के मन से बेटी की शादी की चिंता मिटा दी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब परिवार की बेटी को कन्यादान योजना से विवाह के साथ 49 हजार रुपए की राशि नई गृहस्थी बसाने के लिए दी जा रही है। घरातियों-बरातियों के स्वागत, बैण्डबाजे, पण्डाल, नाश्ता, भोजन तथा विवाह की अन्य सभी व्यवस्थाएं निःशुल्क की गई हैं। उप मुख्यमंत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर और तमाम गणमान्य व्यक्ति नवयुगलों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दे रहे हैं।

> आज मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस है। यह आप सबके लिए दोहरी खुशी का अवसर है। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष मती नीता कोल ने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। नगर निगम के अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय ने कहा कि रीवा में चारों ओर विकास होने के साथ-साथ गरीबों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। आज 105 बेटियों का धूमधाम से विवाह संपन्न हो रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने नवयुगलों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। कलेक्टर मती प्रतिभा पाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा प्रभारी नगर निगम आयुक्त मेहताब सिंह गुर्जर, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और वर-वधु के परिजन उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर परिषद अमरपाटन जिला मैहर (म.प्र.)

E-mail-cmoamarpatan @ mpurban.gov.in

क्रमांक-1540 ई.नि./न.परि./अमरपाटन/2025-26 अमरपाटन, दिनांक 28.10.2025

### तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा नगर परिषद् अमरपाटन निम्नांकित कार्यों के लिए, पंजीकृत ठेकेदारों/प्रतिष्ठानों से ई-टैण्डरिंग के माध्यम से प्रपत्र -अ में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में प्रचलित दर सूची के आधार पर आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है. विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | सिस्टंग नं. | कार्य का नाम एवं विवरण | अनुमानित राशि (लाख में) | धरोहर राशि रु. | कोरे निविदा फार्म की कीमत रु. | निविदा समयावधि | निविदा का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_459751_1 | Interception & Diversion of Nallahs with STP Works Project of Amarpatan town under SBM 2.0 | 445.57 | 222785.00 | 15000.00 | 30 दिवस | तृतीय |

उक्त कार्य निविदा प्रपत्र दिनांक 31.10.2025 को 10.30 AM से दिनांक 01.12.2025 समय 5.30 PM तक वेबसाइट पर आनलाइन भुगतान कर प्राप्त हो सकेंगे. विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है. किसी भी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट में देखा जा सकता है.

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद् अमरपाटन
जिला मैहर (म.प्र.)